

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

मंगलवार 30 जून 2026 बर्ष 02 अंक 170 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com

**अनमोल वचन**

*अपनी जिन्दगी के 5 साल अपने सपनों को दे दो आपकी कामयाबी आने वाले 50 सालों तक आपका नाम लेती रहेगी..!!*

## मुख्यमंत्री ने पटना मेट्रो रेल परियोजना की प्रगति की समीक्षा की, 2 जुलाई को मलाही पकड़ी तक विस्तारीकरण का होगा लोकार्पण

**केशववाणी पटना (बिहार)।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में पटना मेट्रो रेल परियोजना की प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में परियोजना की वर्तमान स्थिति, निर्माण कार्यों की गति तथा निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पटना मेट्रो रेल परियोजना के सभी कार्यों में तेजी लाई जाए और उन्हें निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने निर्माण कार्य के दौरान आम नागरिकों को होने वाली असुविधा को न्यूनतम रखने के लिए व्यापक ट्रैफिक प्रबंधन योजना तैयार करने और उसका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने बताया कि 2 जुलाई 2026 को मलाही पकड़ी तक पटना मेट्रो रेल परियोजना के विस्तारीकरण का लोकार्पण किया जाएगा।



उन्होंने परियोजना के प्रत्येक चरण के लिए स्पष्ट टाइमलाइन निर्धारित करने, विभिन्न स्थलों पर समानांतर रूप से निर्माण कार्यों में तेजी लाने तथा गुणवत्ता मानकों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करने के सख्त निर्देश अधिकारियों को दिए।इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने परियोजना की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए उसकी प्रगति की सतत समीक्षा करने और सभी कार्यों को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा करने पर विशेष बल दिया।

## गयाजी में मुखिया के घर चोरी, डॉग स्क्वायड ने संभाली जांच, पुलिस को अहम सुराग मिले



**केशववाणी पटना (बिहार)।** गया जिले के मानपुर प्रखंड की शादीपुर पंचायत स्थित शादीपुर गांव में पंचायत के मुखिया देवेंद्र कुमार उर्फ हिप्पी सिंह के घर देर रात चोरी की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। चोर खिड़की तोड़कर घर में घुसे और गोदरेज में रखे करीब 15 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और डॉग स्क्वायड की मदद से जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार, देर रात तीन बदमाश खिड़की तोड़कर घर में दाखिल हुए। आरोप है कि जिस कमरे में मुखिया सो रहे थे, उसकी कुंडी बाहर से बंद कर दी गई, जिससे वे बाहर नहीं निकल सके। इसी दौरान बदमाशों ने घर में रखी नकदी चोरी कर ली। हालांकि, घर के लोगों की आहट मिलने पर तीनों चोर जल्दबाजी में उसी रास्ते से फरार हो गए। मुखिया देवेंद्र कुमार उर्फ हिप्पी सिंह ने बताया कि तीनों बदमाशों ने अपने चेहरे गमछे से ढक रखे थे और वे गंजी तथा जांघिया पहने हुए थे। उन्होंने बताया कि भागने की जल्दबाजी में बदमाश अपनी एक चप्पल और एक स्क्रूड्राइवर घटनास्थल पर ही छोड़ गए, जिन्हें पुलिस ने जब्त कर जांच के लिए सुरक्षित रखा है।घटना की सूचना पर बुनियादगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए डॉग स्क्वायड की टीम भी बुलाई गई। टीम ने घटनास्थल और आसपास के इलाके में जांच कर संभा. वित भागने के रास्तों तथा अन्य सुरागों की तलाश की। पुलिस आसपास लगे सीसी. टीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाल रही है और स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घटनास्थल से मिले भौतिक साक्ष्यों और तकनीकी जांच के आधार पर जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने का प्रयास किया जाएगा। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की मांग की है। उनका कहना है कि लगातार पुलिस की सक्रिय मौजूदगी से ऐसी घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है।

## नालंदा में चंदा विवाद में मृत युवक के परिजनों से मिले सांसद पप्पू यादव, ₹25 हजार की आर्थिक सहायता दी

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा जिले के अस्थावां थाना क्षेत्र के जहांगीरपुर गांव में चंदा वसूली को लेकर हुए विवाद में युवक की पीट–पीटकर हत्या के मामले में पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उनके साथ युवा नेता राजू दानवीर सहित कई समर्थक भी मौजूद रहे। सांसद ने मृतक चिंटू यादव के परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की तथा उपचाररत सचिन कुमार के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवार को अपनी ओर से ₹25,000 की आर्थिक सहायता प्रदान करते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। मीडिया से बातचीत में पप्पू यादव ने कहा कि बिहार में लगातार बढ़ रही हिंसक घटनाएं और बिगड़ती कानून–व्यवस्था गंभीर चिंता का विषय हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में धार्मिक उन्माद से अधिक जातीय तनाव का माहौल बनता जा रहा है। यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो सामाजिक सौहार्द पर इसका गहरा असर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि चंदा वसूली जैसे मामूली विवाद में किसी युवक की जान चले जाना बेहद दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। सांसद ने पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर सभी आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की, ताकि पीड़ित परिवार को जल्द न्याय मिल सके। राजनीतिक मुद्दों पर प्रतिक्रिया देते हुए पप्पू यादव ने कहा कि राज्य में अपराध, पेपर लीक, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार जैसे गंभीर मुद्दे जनता के सामने हैं, लेकिन राजनीतिक दल इन मूल समस्याओं से ध्यान भटकाने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं का भविष्य सुरक्षित करना और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।



इस अवसर पर युवा नेता राजू दानवीर ने कहा कि नालंदा जिले में लगातार हो रही हत्या, मारपीट और अन्य आपराधिक घटनाएं बेहद चिंताजनक हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं से आम लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल बन रहा है। उन्होंने सरकार एवं प्रशासन से अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाने, दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने तथा कानून का सख्ती से पालन कराने की मांग की, ताकि आम लोगों का न्याय व्यवस्था और प्रशासन पर विश्वास बना रहे। मौके पर मनीष यादव, दीपक कुमार, राजनीतिस कुमार, कौशल कुमार, अजीत कुमार, लोभी गोप, गुलशन कुमार, रवि कुमार सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण एवं पप्पू यादव समर्थक उपस्थित थे।



## सरस्वती नदी को भरकर सड़क बनाने वाले लोगों ने तोड डाला है हर घर गंगा जल का पाइप, परेशानी



**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजगीर(नालंदा)।** शहर के पंचवटी नगर में सरस्वती नदी को भरकर सड़क बना रहे लोगों द्वारा हर घर नल–जल योजना की पाइप को तोड़ दिये जाने से लोगों के घर तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। पिछले कुछ दिनों से इस तपती गर्मी में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पाइप फटा होने के कारण पानी काम धीरे–धीरे आता है या फिर किसी के घर में गिरता भी नहीं है। लोगों ने बताया कि इस वार्ड में अजय पासवान के घर से लेकर विपीन झा के घर तक सरस्वती नदी को भरकर सड़क निर्माण किया गया था। कुछ लोगों ने काम करा रहे ला. `गों से मिलकर अपने घर की ओर आगे तक मिट्टी भरवाने का काम किया। इसमें उन्होंने वहां से गुजरे हर घर नल से जल की पाइप को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। इससे सारा पानी वहीं पर गिर जाता है। इस कारण लोगों के घरों तक पानी न के बराबर ही पहुंच पाता है। वे अपनी दबंगता दिखाते हैं। बोलने पर गाली–गलौज पर उतर जाते हैं। इतना ही नहीं कुछ लोगों के द्वारा अपने फायदे को लेकर सरस्वती नदी को अतिक्रमित कर रोड बनाने के चक्कर में पहले से नगर पंचायत के द्वारा 2009 में बनाये गये सरकारी नाले को भी तोड़ डाला है। इसके बाद वे लोग मोहल्ले के लोगों से चंदा वसूली करने पर उतर आये हैं। वे पैसा मांगकर अपना उल्लू सीधा करना चाहते हैं। नाला को तोड़ने से पानी किसी के खेत में जाने लगा है। हालांकि पहले ये सरस्वती नदी में जाकर मिलता था। यह नाला वर्ष 2009–2010 सत्र में ओम गुप्ता जी के घर से लेकर पूरब की ओर नदी तक बनायी गई थी। पैसा वसूल रहे लोगों से मोहल्ले वालों ने कहा कि जब हम लोग नगर परिषद क्षेत्र में रहते हैं। नगर परिषद को पहले से ही होल्डिंग टैक्स देते आये हैं तो हमारे लिए नगर परिषद नाला का निर्माण करेगी। वहीं जिन लोगों ने नगर पंचायत के द्वारा बनाये गये नाला को तोड़ा है उन पर भी कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। अगर ऐसा नहीं होता है तो अतिक्रमणकारियों का मनोबल बढ़ता जायेगा और एक दिन ऐसा आयेगा कि राजगीर से पानी का निकास भी बंद हो जायेगा। यह सरस्वती नदी लेदुआ पुल से लेकर पंडितपुर तक जाती है। बरसात के दिनों में जब पानी का बहाव तेज होता है तो पानी इसी रास्ते से होकर निकलता था। सालों से अच्छी बारिश नहीं हो सकी है। अगर इस साल अच्छी बारिश हुई और 2014 के जैसी स्थिति बनी तो कई मोहल्ले पानी में डूब जाएंगे। पानी का निकास नहीं हो सकेगा।

लोगों ने नदी को अतिक्रमण कर घर व सड़क बना रखा है। यही एक साधन है जिससे जंगल से आने वाली पानी पंडितपुर की ओर निकल जाता है। वहीं इस नदी से किसानों के खेतों का पटवन भी होते आया है। इस सरस्वती नदी के बचाव के लिए पंडितपुर सहित अन्य मौजा के किसान काफी आंदोलन भी चला चुके हैं। किसान कई जगहों पर गुहार लगा चुके हैं कि इसकी पूरी सीमांकन कर उड़ाही की जाय ताकि खेतों तक पानी पहुंच सके और किसानों को पटवन में सुविधा हो सके। लोगों ने कहा कि सरकार व जिला प्रशासन को नदी को अतिक्रमण करने वालों की पहचान कर उन पर कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए।



# राजगीर में क्रीड़ा भारती की समीक्षात्मक बैठक आयोजित, खेल गतिविधियों को विस्तार देने पर मंथन

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** खेल और खिलाड़ियों के उत्थान के लिए समर्पित संस्था 'क्रीड़ा भारती' द्वारा राजगीर स्थित सर्किट हाउस में एक महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में संस्थान के वरीय पदाधिकारियों से लेकर जिला अध्यक्ष, खेल प्रेमी, प्रशिक्षक और बड़ी संख्या में खिलाड़ी शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य पिछले दिनों आयोजित खेल प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन करना और भविष्य की कार्ययोजना तैयार करना था।



### समीक्षात्मक बैठक का उद्देश्य

बैठक को संबोधित करते हुए क्रीड़ा भारती के वरीय पदाधिकारी ललन कुमार ने बताया कि यह कार्यक्रम मुख्य रूप से पिछले दिनों आयोजित विभिन्न खेल गतिविधियों की समीक्षा के लिए रखा गया था। उन्होंने बताया कि हाल ही में नालंदा और नवादा जिले में साइकिलिंग, कबड्डी और योग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। इन सभी कार्यक्रमों में खिलाड़ियों और आमजन की भागीदारी उत्साहजनक रही और बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। ललन कुमार ने कहा कि इन आयोजनों की सफलता और उनसे मिले अनुभवों के आधार पर आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की जा रही है ताकि खेल प्रतिभाओं को बेहतर मंच मिल सके।

### प्रमुख हस्तियों की रही उपस्थिति

इस महत्वपूर्ण बैठक में क्रीड़ा भारती के जिला अध्यक्ष मनीष कुमार और विभाग संयोजक कार्य आनंद शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में खेल के प्रति जुनून और अनुशासन को बढ़ावा देने पर चर्चा हुई। इस अवसर पर 'सी फिजिकल ट्रेनिंग सेंटर' से जुड़े एक्स आर्मी जवान संजीव और रिंटू के साथ ही डॉ. विपिन एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने खेल के माध्यम से युवाओं को अनुशासित और स्वस्थ बनाने की दिशा में अपने विचार रखे।


### भविष्य की संभावनाएं

बैठक के दौरान उपस्थित खिलाड़ियों ने अपने अनुभव साझा किए और आगामी प्रतियोगिताओं के लिए सुझाव दिए। क्रीड़ा भारती का लक्ष्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से छिपी हुई खेल प्रतिभाओं को खोजकर उन्हें राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाना है। बैठक के समापन पर आयोजकों ने सभी खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों का उत्साहवर्धन किया और भविष्य में जिले में और भी बड़े स्तर पर खेल आयोजनों के माध्यम से स्वास्थ्य और खेल संस्कृति को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

# दीपनगर में सब्जी विक्रेता पर जानलेवा हमला, ₹1.25 लाख व मोबाइल लूटने का आरोप



**केशववाणी गुड्डू कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** दीपनगर थाना क्षेत्र के सूर्य मंदिर तालाब के समीप स्थित तकिया मोहल्ले में सोमवार की दोपहर एक सब्जी विक्रेता पर जानलेवा हमला कर मारपीट करने तथा नकदी और मोबाइल लूट लेने का मामला सामने आया है। पुलिस ने घायल के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, सोमवार को करीब 3:30 बजे सूचना मिली कि कमरुद्दीनगंज निवासी सब्जी विक्रेता संजय कुमार (48), पिता रामप्रीत प्रसाद, को तीन–चार युवकों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। स्थानीय लोगों ने उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल, बिहारशरीफ पहुंचाया। सूचना मिलते ही दीपनगर थाना अध्यक्ष पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे और घायल का फर्दबयान दर्ज किया। घायल संजय कुमार ने पुलिस को बताया कि वह रुपये का कलेक्शन कर मो. टरसाइकिल से लौट रहे थे। सूर्य मंदिर तालाब के पास तकिया में खड़े चार युवकों ने उन्हें रुकने का इशारा किया। जैसे ही उन्होंने मो. टरसाइकिल धीमी की, एक युवक ने उनके सिर पर जानलेवा हमला कर दिया। हेलमेट पहने होने के कारण उनकी जान बच गई, लेकिन हेलमेट टूटकर उनकी नाक में धंस गया और वह सड़क पर गिर पड़े। इसके बाद चारों युवकों ने उनके साथ मारपीट की, जिससे वह बेहोश हो गए।संजय कुमार ने बताया कि अस्पताल में होश आने पर उन्होंने पाया कि उनकी जेब से मोबाइल फोन और करीब ₹1.25 लाख नकद गायब थे। उन्होंने हमलावरों में से दो की पहचान सत्येंद्र पासवान और डील्टू पासवान, दोनों पिता सियाचरण पासवान, निवासी तकिया, थाना दीपनगर, के रूप में की है। घायल के अनुसार, कुछ दिन पहले मिंटू देवी नामक महिला का नाम कथित रूप से एक शराब मामले में गलत तरीके से जोड़ दिया गया था। उस मामले में उन्होंने महिला की मदद की थी। इसी रंजिश में आरोपितों ने उन पर हमला कर मारपीट की और नकदी व मोबाइल छीन लिया। पुलिस ने घायल के फर्दबयान के आधार पर दीपनगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना में शामिल अन्य आरोपितों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि सभी आरोपितों की पहचान कर उनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।







अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120,9931609015

# हरनौत नगर पंचायत में सशक्त स्थायी समिति की बैठक कल, विभिन्न योजनाओं पर होगी चर्चा




**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** हरनौत नगर पंचायत में मंगलवार को सशक्त स्थायी समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में विभिन्न योजनाओं के चयन और नगर पंचायत द्वारा किए जाने वाले कार्यों के क्रियान्वयन पर चर्चा होगी। नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी सौरभ सुमन ने बताया कि बैठक का एजेंडा विस्तृत है। इसमें स्ट्रीट लाइट के बिजली बिल भुगतान, सफाई कर्मियों को ड्रेस, साबुन, सफाई उपकरण, पीएफ और ईएसआईसी जैसी सुविधाएं प्रदान करने जैसे महत्वपूर्ण बिंदु शामिल हैं। आगामी बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए, आवश्यक स्थानों पर नियमानुसार ह्यूम पाइप और राबिश गिराने पर भी विचार किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, एक लाख रुपये तक के कार्यों के लिए संवेदकों का पैनल बनाने और विभिन्न वार्डों में पोपलेन मशीन से नाला उड़ाही जैसे अन्य एजेंडा बिंदुओं पर भी चर्चा होगी।उन्होंने कहा कि बैठक दोपहर 12 बजे से नपं कार्यालय भवन में रखी गई है है। जिसमें मुख्य पार्षद, उप मुख्य पार्षद, नव निर्वाचित तीन सशक्त स्थायी समिति के सदस्य, नगर विकास प्रमंडल के एई, उर्जा जेई एवं नगर पंचायत के जेई सहित अन्य उपस्थित रहेंगे।

# हरनौत के पंचशील नगर में 20 दिन से जलजमाव, संक्रामक बीमारियों का खतरा, अधिकारियों के निरीक्षण के बाद भी अनदेखी




**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत(नालंदा)।** हरनौत नगर पंचायत के वार्ड संख्या 11 स्थित पंचशील नगर मुहल्ले में पिछले 20 दिनों से जलजमाव की गंभीर समस्या बनी हुई है। नाली और पक्की सड़क न होने के कारण यहां संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है। मुहल्ले में नाली और पक्की सड़क का अभाव जलजमाव का मुख्य कारण है। इससे लोगों को आने–जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। घरों के शौचालय, बाथरूम और रसोई से निकलने वाला गंदा पानी सड़कों पर जमा होकर दुर्गंध फैला रहा है। इस गंदगी और दुर्गंध के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पंचायत द्वारा ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव भी नहीं किया जाता है। मुहल्ले की वीणा देवी सहित अन्य निवासियों ने बताया कि वे कई वर्षों से सड़क और नाली निर्माण की मांग कर रहे हैं, लेकिन नगर पंचायत इस पर ध्यान नहीं दे रही है। उनका कहना है कि बरसात में स्थिति और भी बदतर हो जाती है। जलजमाव के कारण लोग वैक. ल्पिक रास्तों से आने–जाने को मजबूर हैं, और कई लोग अपने घरों में ही रहने को विवश हैं। सोमवार सुबह हुई मानसून की बारिश से जलस्तर और बढ़ गया है। इसके अलावा, मुहल्ले में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था न होने से शाम होते ही लोगों को आवागमन में दिक्कत होती है, खासकर बुजुर्गों और बच्चों के गिरने का डर बना रहता है। वार्ड पार्षद प्रतिनिधि संजय शर्मा ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व ईओ सहित अन्य अधिकारियों ने स्थल का निरीक्षण किया था। उन्होंने बताया कि वार्ड नंबर 11 और 17 को जोड़ने वाली 600 फीट लंबी और 40–30 फीट चौड़ी सड़क का निर्माण होना है। वही कार्यपालक पदाधिकारी सौरभ सुमन ने कहा कि यह समस्या उनके संज्ञान में है और इसका जल्द ही निराकरण किया जाएगा।




# खेत की सिंचाई के दौरान करंट लगने से किसान की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**केशववाणी गुड्डू कुमार की रिपोर्ट चंडी(नालंदा)।** नालंदा जिले के चंडी थाना क्षेत्र के रुखाई नवादा गांव में खेत की सिंचाई के दौरान करंट लगने से एक किसान की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान अखिलेश केवट (51) के रूप में हुई है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है, जबकि परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। मृतक के पुत्र उपेंद्र कुमार ने बताया कि रविवार देर शाम उनके पिता अपने छोटे बेटे के साथ खेत में फसलों की सिंचाई करने गए थे। इसी दौरान वे अनजाने में बिजली के तार की चपेट में आ गए। तेज करंट लगते ही वे जमीन पर गिर पड़े। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा उन्हें आनन–फानन में चंडी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलने पर चंडी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष अखिलेश झा ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ स्थित मॉडल अस्पताल भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है और जांच के उपरांत आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अखिलेश केवट की असामयिक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पत्नी, बच्चों और अन्य परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। वहीं, गांव के लोग भी इस हादसे से गहरे सदमे में हैं और पीड़ित परिवार को सांत्वना देने उनके घर पहुंच रहे हैं।

अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120,9931609015



# राजगीर में संत कबीर साहेब की 629वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई, निकली भव्य शोभायात्रा

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** राजगीर स्थित सतगुरु कबीर आश्रम में संत कबीर साहेब की 629वीं जयंती श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आश्रम से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें करीब 200 से 300 कबीरपंथी अनुयायियों, साधु–संतों एवं श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शोभायात्रा आश्रम से निकलकर बस स्टैंड, ब्लॉक रोड एवं कचहरी रोड होते हुए पुनः आश्रम पहुंची। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने संत कबीर के विचारों और मानवता के संदेश का प्रचार–प्रसार किया। जयंती समारोह के दौरान आश्रम परिसर में भजन–कीर्तन एवं भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर अतिपिछड़ा/ दलित/ अल्पसंख्यक संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संत कबीर साहेब के उपासक रामदेव चौधरी तथा आश्रम के महंत मुन्ना साहब ने संयुक्त रूप से कहा कि संत कबीर साहेब भारतीय भक्ति आंदोलन के महान समाज– सुध. ारक, कवि और दार्शनिक थे। उन्होंने अपने जीवनभर अंधविश्वास, पाखंड, जातिवाद और छुआछूत का विरोध करते हुए सामाजिक समरसता, मानवता और हिंदू–मुस्लिम एकता का संदेश दिया। वक्ताओं ने बताया कि संत कबीर साहेब का जन्म वर्ष 1398 ईस्वी (विक्रम संवत 1455) में ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन काशी के लहरतारा क्षेत्र में हुआ था। उनका पालन–पोषण नीरू और नीमा नामक मुस्लिम जुलाहा दंपति ने किया तथा उनके गुरु संत रामानंद थे। उनकी प्रमुख रचनाओं में साखी, सबद और रमैनी शामिल हैं, जिनका संकलन बीजक के नाम से प्रसिद्ध है। उन्होंने यह भी बताया कि संत कबीर साहेब का देहावसान वर्ष 1518 ईस्वी में उत्तर प्रदेश के मगहर में हुआ, जहां उन्होंने काशी–मगहर से जुड़े अंधविश्वास को अपने आचरण से चुनौती दी।



कार्यक्रम में संत कबीर के प्रसिद्ध दोहों का भी पाठ किया गया। वक्ताओं ने कहा कि आज भी उनके विचार समाज को समानता, भाईचारे और सद्भाव का संदेश देते हैं। समारोह में डॉ. सुख नारायण, भगवान साहेब, किशोरी साहेब, विनोद कुमार पटेल, शंकर साहेब, दमन साहेब, उमेश दास, अधिवक्ता मिथिलेश कुमार, सुखदेव दास, मंजू दासीन, कुंती दासीन, रामेश्वर साहेब, जयंत दास, अर्जुन दास, शिवनंदन दास, प्रमोद साहेब, मंगल साहेब, सुक्खू चंद साहेब, देवेंद्र साहेब, बुद्धदेव साहेब, लाल बाबा, सुरेश दास सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।









